तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




महाराणा प्रताप चौक में ट्रक के अचानक खराब हो जाने से यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूलों में लॉटरी कल से

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद लाला लाजपत राय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 8 मई को लॉटरी निकाली जाएगी। स्कूल में एलकेजी से कक्षा 5 वीं तक की सीटों पर एडमिशन होगा। प्रवेश के लिए विभिन्न कक्षाओं के कुल 70 रिक्त सीट के लिए कुल 642 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इसी तरह स्वामी आत्मानंद स्कूल लिंगियाडीह में नए सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए लाटरी 9 मई को सुबह 10.30 बजे लाटरी निकाली जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्याम बाबू साहू, सांसद प्रतिनिधि हेम कुमार पांडे, विधायक प्रतिनिधि विवेक तिवारी, शाला विकास समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 की रिक्त 50 सीट के साथ 131 सीटों के लिए 639 आवेदन मिले हैं। इसमें प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया बीके चौकसे नोडल अधिकारी शाला के प्राचार्य डा. एमके मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

# 55 स्टार्टअप हो गए बंद, ठेका कंपनी का टेंडर भी निरस्त अब इंक्यूबेशन सेंटर को खुद ही चलाएगी स्मार्ट सिटी

खास खबर

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

तीन साल पहले बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया स्मार्ट सिटी का स्टार्टअप प्रोजेक्ट अब लगभग बंद हो गया है। नेहरू चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के इनक्यूबेशन सेंटर में पिछले दो साल से कोई भी नया प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो सका और पुराने 55 स्टार्टअप्स बंद हो गए हैं।

जिस एआईआईएलएसजी ठेका कंपनी को इस इनक्यूबेशन सेंटर को तीन साल के लिए सौंपा गया था, वह न तो किसी प्रोजेक्ट को बाजार में लाकर बेच पाई, न ही फंडिंग जुटा पाई। स्थिति यह रही कि अपना ही खर्चा चलाने और सेंटर के मेंटेनेंस के लिए ठेका कंपनी ने पूरे सेंटर को किराए पर दे दिया था और इसे 'को-वर्किंग स्पेस' का नाम दिया गया। अब इस कंपनी का ठेका निरस्त कर दिया गया है और स्मार्ट सिटी ने फैसला लिया है कि इनक्यूबेशन सेंटर का संचालन खुद ही करेगी।

स्मार्ट सिटी बिलासपुर ने नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी की तीसरी मंजिल पर इनक्यूबेशन सेंटर खोला था। 2021 में ठेका कंपनी एआईआईएलएसजी के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बी.इन्क्यूब संस्था की शुरुआत की गई थी। उस दौरान दावा किया गया था कि उद्यमिता विकास के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। 1000 से अधिक आवेदन स्टार्टअप के लिए किए भी गए, जिनमें से 55 को चयनित किया गया था। उस समय यह भी दावा किया गया था कि बिलासपुर स्टार्टअप की दुनिया में देशभर में नाम कमा लेगा, लेकिन इसके बाद कुछ नहीं हुआ और सारे प्रोजेक्ट कागजों तक सीमित रहे।



- ठेका कंपनी किसी प्रोजेक्ट को बाजार में लांच नहीं कर पाई, फंडिंग भी नहीं मिली
- पिछले दो सालों में एक भी नए प्रोजेक्ट पर काम नहीं हो रहा था, कागजों में सारा काम

### युवाओं को नहीं मिली कोई मदद

ठेका कंपनी को स्टार्टअप लांच करने वाले युवाओं को हर स्तर पर मदद देनी थी, जिसमें आइडिया का चयन होने के बाद उसका प्रशिक्षण दिया जाना, व्यापार में तब्दील करने की प्रक्रिया को सरल बनाना और व्यवसाय को बढ़ाने में आने वाली समस्याओं को हल करना था। साथ ही, मार्गदर्शन की लगातार सुविधा भी दी जानी थी, लेकिन कुछ भी नहीं हो सका और एक भी आइडिया बाजार में नहीं आ सके।

### सिर्फ 'स्पिटबिन' आगे बढ़ा

इस सेंटर में शुरुआत में 50 से अधिक प्रोजेक्ट्स पर काम किया गया, लेकिन कोई भी बाजार में नहीं आ सका। 'स्पिटबिन' नाम के स्टार्टअप ने जरूर कुछ कदम आगे बढ़ाए थे, लेकिन उसे भी फंडिंग और बाजार नहीं मिल सका। यह 'स्पिटबिन' एक पर्यावरण के अनुकूल स्मार्ट थूक निपटान कप था, जो संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया को अंदर ही बंद कर देता था।

### नई और बड़ी कंपनियों से करार नहीं हो सका

इस 'इनक्यूबेशन सेंटर' में युवाओं के नए आइडिया और स्टार्टअप के लिए कई कंपनियों से करार किए जाने का दावा किया गया था। स्मार्ट सिटी द्वारा आईआईटी, आईआईएम और देश की नामचीन निजी कंपनियों से एमओयू करने की बात की गई थी, लेकिन कोई भी परिणाम सामने नहीं आया। युवाओं के स्टार्टअप में आने वाली कानूनी और शासकीय प्रक्रियाएं तथा वित्तीय समस्याएं इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से हल की जानी थीं, लेकिन पंजीकरण कराने के बाद से युवाओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

### आलिशान ऑफिस को किराए पर दे दिया

इस इनक्यूबेशन सेंटर को एक बड़े कारपोरेट ऑफिस की तरह आलीशान बनाया गया था, जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इस ऑफिस को ठेका कंपनी एआईआईएलएसजी को तीन साल के लिए दिया गया था। स्टार्ट अप तो लांच नहीं हो सके उसके उलट इस ठेका कंपनी ने इस पूरे ऑफिस को अलग-अलग लोगों को किराए पर दे दिया। इनमें रियल स्टेट कारोबारी, व्यवसायी, वकील, मार्केटिंग और अन्य लोग शामिलथे। इन लोगों से ठेका कंपनी ने 2500 रुपए महीने का किराया लिया और जगह दी।

### ठेका कंपनी ठीक से काम नहीं कर पाई

इस ठेका कंपनी एआईआईएलएसजी के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बी.इनक्यूब संस्था की शुरुआत की गई थी। कंपनी से तीन साल का अनुबंध किया गया था, जो मार्च 2025 में समाप्त हो गया। ठेका कंपनी उस स्तर पर काम नहीं कर पाई, जिसकी उम्मीद थी। अब स्मार्ट सिटी ही इस इनक्यूबेशन सेंटर का संचालन करेगी।

- **वाय श्रीनिवास,** जीएम आईटी, स्मार्ट सिटी

# 4 ट्रकों में भरा लाखों का सरिया व पाइप पकड़ा गया, 46 लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल जीएसटी की क्षेत्रीय ईकाई टीम ने 4 ट्रकों में भरे लाखों रुपए के अवैध माल को जब्त किया है। इन चारों ट्रकों में करीब 170 मीट्रिक टन टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान शामिल हैं। यह चारों ट्रक रायपुर से मंडला और जबलपुर जा रहे थे। इनमें से किसी भी ट्रक के पास कोई कागजात नहीं थे। यह माल फर्जी ई-वे बिल और बिना ई-वे बिल के भेजा जा रहा था। जीएसटी की टीम मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक और व्यापारियों को नोटिस जारी कर रही है। इसमें 46 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है।

अधिकारियों ने बताया कि डीजीजीआई (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) क्षेत्रीय यूनिट बिलासपुर को सूचना मिली थी कि कई ट्रक बिना वैध कागजात के छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह माल फर्जी ई-वे बिल और बिना ई-वे बिल के भेजा जा रहा था। क्षेत्रीय यूनिट की टीम ने कवर्धा रोड में ट्रकों की जांच करते हुए अवैध माल को पकड़ा है। जब्त किए गए माल में टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान शामिल हैं। टीम ने सभी 4 ट्रकों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। सभी चार ट्रकों को व्यापार विहार स्थित जीएसटीए भवन के सामने खड़ा किया गया है।

**सेंट्रल जीएसटी की कार्रवाई**

- ट्रकों में भरे थे टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान
- डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस ने मारा छापा, पेनाल्टी के बाद छोड़ा गया



### मंडला और जबलपुर जा रहा था माल

जिन चार ट्रकों को माल सहित पकड़ा गया है वे अलग-अलग ट्रांसपोर्ट की है। यह सारा सामान रायपुर से मंडला और जबलपुर जा रहा था। इसमें से एक गाड़ी मां शारदा रोडवेज रायपुर की, दूसरी गाड़ी वारसी रोड लाइंस दमोह (मप्र) की, तीसरी गाड़ी न्यू निर्मल रोडवेज मंडला (मप्र) की और चौथी गाड़ी एसआर ट्रेडिंग कंपनी सागर (मप्र) की है। एक ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर ने बताया कि चार दिन पहले गाड़ियों को पकड़ा गया है। दोनों ने स्वीकार भी किया कि किसी भी गाड़ी के पास कोई कागजात नहीं है और पहले भी इस तरह के कई ट्रकों में माल रायपुर से मध्यप्रदेश जा चुका है।

### यह है ई वे बिल

अधिकारियों के मुताबिक ई-वे बिल, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वे बिल भी कहा जाता है, एक ऐसा दस्तावेज है जो 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के परिवहन के लिए आवश्यक है, चाहे वह राज्य के भीतर हो या राज्य के बाहर। ई-वे बिल की सीमा 50,000 रुपए है, जिसका अर्थ है कि ट्रांसपोर्ट किए गए सामान की वैल्यू एक ही इनवॉइस के भीतर 50,000 रुपए से अधिक होने पर ई-वे बिल जनरेट किया जाना चाहिए। ई-वे बिल को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनाया जा सकता है। इसका उद्देश्य टैक्स की चोरी को रोकना और टैक्स प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। इस ई-वे बिल में माल का विवरण, परिवहन विवरण, और आपूर्तिकर्ता, प्राप्तकर्ता और परिवहनकर्ता के जीएसटीआईएन सहित महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होती है। इसकी वैधता यात्रा की गई दूरी पर निर्भर करती है।

# नकली सोना थमाकर व्यापारी से की 5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो व्यक्ति व एक महिला ने व्यापारी को नकली सोना थमाकर 5 लाख रुपए की ठगी कर भाग निकले। जांच के 6 माह बाद मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है।

तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, सारंगढ़ बिलाईगढ़ निवासी यू एस साहू पिता स्व. श्याम लाल साहू 60 साल इलेक्ट्रानिक दुकान चलाते हैं। एक व्यक्ति उनके दुकान में तार होल्डर खरीदने आया और बोला उसके पास सोना रखा है आप खरीद लो। पूछने पर बताया कि सोन घर में मिट्टी खोदाई करते समय मिला है। उन्होंने खरीदने से मना कर दिया। इस पर उक्त व्यक्ति ने उनका मोबाइल नम्बर लेकर चला गया और मोबाइल के माध्यम से बार-बार सोना खरीदने की बात कहने लगा। 17 अक्टूबर 2024 को श्री साहू सामान खरीदने बिलासपुर आए थे। इस दौरान उक्त व्यक्ति का उनके फोन आया और एक अन्य व्यक्ति और एक महिला के साथ उनसे मिलने रेलवे स्टेशन पहुंच गया और श्री साहू को एक सोना दिखाकर खरीदने के लिए कहा। श्री साहू ने सोना चेक कराया तो सही था। पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसके पास साढ़े तीन किलो सोना है। उसके बाद श्री साहू को वह रेलवे स्टेशन के बाहर लोहे के ब्रिज के पास ले जाकर सोना दिखाया और उसकी कीमत 25 लाख रुपए बताया। उन्होंने पैसा नहीं होने की बात कहीं तो उक्त व्यक्ति ने सोना रख लेने व पैसा बाद में देने की बात कही। श्री साहू ने सामान खरीदने के लिए लेकर आए 5 लाख रुपए उसे दे दिया। उक्त व्यक्ति ने श्री साहू को लाल कपड़ा में सोना देकर चले गया। श्री साहू रोड में आकर सोना घिसकर देखें तो उसमें पालिस लगा हुआ था और सभी सोना पीतल का निकला। श्री साहू ने घटना की शिकायत जीआरपी में की थी। 6 माह जांच के बाद घटनास्थल तारबाहर थाने का होना पर पीड़ित को रिपोर्ट लिखाने तारबाहर थाने भेजा गया। उसके बाद तारबाहर पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- छह माह बाद अब हुई एफआईआर

# बिलासपुर में 4 सी एयरपोर्ट बनेगा या नहीं, अब सरकार करेगी अध्ययन

## सेना से जमीन वापसी की भी जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के मामले में राज्य शासन ने जवाब पेश कर दिया है। राज्य के मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर कहा है कि 4 सी एयरपोर्ट की डीपीआर बनाने के पहले सरकार बिलासपुर में 4 सी एयरपोर्ट होना चाहिए या नहीं इसकी स्टडी करवाएगी। सेना से जमीन वापसी के मामले में भी राज्य सरकार की ओर से कोई सीधा जवाब नहीं दिया गया। मामले में सुनवाई 7 मई बुधवार को होगी।



- एयरपोर्ट के रनवे को विस्तार करने के लिए जमीन उपलब्ध फिलहाल नहीं होगी

ज्ञात हो कि पिछले 4 सालों में कम से कम तीन बार हाईकोर्ट को शासन की ओर से यह अंडरटेकिंग दी जा चुकी है कि बिलासपुर एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट के रूप में बदल जाएगा, लेकिन अब हाईकोर्ट में मंगलवार को विमानन विभाग द्वारा एक और शपथ पत्र दिया गया। इसमें 4 सी एयरपोर्ट की डीपीआर बनाने के पहले एक फीजिबिलिटी स्टडी करने की बात कही गई है। इससे मालूम पड़ेगा कि बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनना है या नहीं बनाना है। ध्यान रहे कि 6 महीने पहले 4सी एयरपोर्ट की डीपीआर बनाने का अंडरटेकिंग दे चुकी सरकार के मुख्य सचिव ने अपने नए शपथ पत्र में 4सी एयरपोर्ट के बारे में कोई भी बात नहीं की है।



### कानूनी रूप से जांची जाएगी जमीन वापसी

गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2025 को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा वाली खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव के एफिडेविट की मांग की थी, जिसमें नाइट लैंडिंग, सेना से जमीन वापसी और 4 सी एयरपोर्ट आदि सभी के बारे में स्पष्ट बातें बताने कहा गया था। इसके जवाब में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जो एफिडेविट प्रस्तुत किया है उसमें नाइट लैंडिंग संबंधी कार्य सितंबर 2025 तक होने का हवाला दिया गया है। वहीं सेना से जमीन वापसी के बारे में शासन ने कहा है कि रक्षा मंत्रालय जो पैसे की मांग कर रहा है उस मांग को कानूनी रूप से जांचा जाएगा और उसके बाद जो भी निर्णय होगा उसके आधार पर जमीन वापसी की प्रक्रिया की जाएगी। अब शासन के जवाब से साफ है कि हाल फिलहाल में तो इस मामले के सुलझने के कोई आसार नहीं है और बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के रनवे को विस्तार करने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होगी।

### हाईकोर्ट में प्राचार्य प्रमोशन के मामले में सुनवाई आज

**बिलासपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्षों बाद व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नति का आदेश 30 अप्रैल को जारी किया गया और अगले ही दिन एक मई को हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को अवमानना नोटिस भी जारी किया है। कोर्ट की नाराजगी इस बात को लेकर है कि पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने पदोन्नति को लेकर अंडरटेकिंग दी थी, इसके बावजूद पदोन्नति सूची जारी कर दी गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। अब इस मामले की सुनवाई 7 मई को होनी है। इसमें शासन की ओर से जवाब दिया जाएगा। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में कई शिक्षक संगठनों और शिक्षकों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। इनमें से प्रमुख याचिका अखिलेश त्रिपाठी की है, जिसमें प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने भी हस्तक्षेप याचिका लगाई है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि सभी संबंधित याचिकाओं को एक साथ क्लब कर डिवीजन बेंच में प्रस्तुत किया जाए। याचिका के मुताबिक पदोन्नति सूची में बड़ी संख्या में वरिष्ठ व्याख्याताओं के नाम छूट गए हैं। इसलिए इस पदोन्नति प्रक्रिया से भी कुछ शिक्षकों में भारी रोष है।




# पूज्यनीय पिताजी की पुण्यतिथि पर सादर नमन्



जन्म 27 नवंबर 1953

निर्वाण 07 मई 2021

## स्व. श्री कृष्ण कुमार तिवारी

### की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सादर नमन...

**आपके मार्गदर्शन से ही जीवन के उतार चढ़ावों को पारकरने की ताकत मिलती रही है। आपके मार्गदर्शन से ही आज हम इस मुकाम पर हैं। जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपसे ही मिली है। आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर आपको स्मरण कर सादर नमन करते हैं।**

*We miss you papa*

"आपकी यादें हमारे जीवन का सबसे कीमती हिस्सा हैं। आपके द्वारा दिखाए गए रास्ते और सिखाए गए मूल्य हमें हमेशा सही दिशा में ले जाएंगे। आप हमारे दिलों में हमेशा बसे रहेंगे और हमें प्रेरित करते रहेंगे। आप हमारे आदर्श हैं और हमेशा रहेंगे।"



अभिनव तिवारी



अनुराग तिवारी

-: श्रद्धावनत :-

**धीरेन्द्र बाजपेयी-मधु बाजपेयी**

-: व्यथित हृदय :-

जगन्नाथ प्रसाद तिवारी ( बड़े भाई)
स्मिता तिवारी ( पत्नि), अनुपमा तिवारी (पुत्री)
अभिनव-पूजा तिवारी (पुत्र-पुत्रवधु), अनुराग-अंकिता तिवारी (पुत्र-पुत्रवधु)
आरना तिवारी, रेयांश तिवारी (पौत्र)

-: शोकाकुल :-

**तिवारी परिवार (धनिया डोली)**
**बाजपेयी परिवार (जांजगीर-चांपा)**
**समस्त परिजन व मित्रगण**

Firm
- **ABHINAV INFRATECH** • **ANURAG INFRATECH**
- **ANP CONSTRUCTION BUILDER & DEVELOPER**

6- MAY- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 5/6/2025 12:16 PM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## आकर्षक वेशभूषा के साथ छत्तीसगढ़ी हिन्दी गीतों में नृत्य की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** सूरज शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय कान्हा प्ले-वे मन्नाडोल स्कूल, पब्लिक किड्स प्ले-वे स्कूल पचपेड़ी एवं पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मस्तूरी के 40 शिक्षक कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल आयोजित किये गए जिसमें महिलाओं का विशेष खेल उनके श्रृंगार से जूड़े आभूषणों को क्रमवार जमाना रहा। शिक्षक कर्मचारियों ने अपने आकर्षक वेशभूषा के साथ छत्तीसगढ़ी व हिन्दी के कई गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें निम्नलिखित शिक्षिकाएं सम्मिलित हुई किरण बृजवासी, मीरा श्रीवास, सरिता गुप्ता, ललिता केशरवानी, ममता राठौर, रबिता गेंदले, किरण गेंदले, मधु कोशले, आयुषी राठौर,भानमती सोनिया, प्रियंका सिंह, आशा गेंदले संध्या मौजूद थे। प्रारंभ में विद्यालय संचालन समिति की तरफ से मधु मौर्य ने सभी शिक्षक कर्मचारियों को गुलाब भेंट कर अभिवादन किया तथा अपने उद्बोधन में सालभर की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। सभा को प्राचार्या रोजा रामनी, मीरा श्रीवास, टुलेश्वरी सोनी, एवं ललिता केशरवानी ने अनुभव बांटा। इस आयोजन में देवकी मौर्य, राजेन्द्र मौर्य, मधु मौर्य, पंकज मौर्य, गोल्डी मौर्य, शिशिर मौर्य, अंजली मौर्य, यशस्वी, रोजा रामनी, टुलेश्वरी सोनी, अजय राठौर, किरण बृजवासी सहित अन्य मौजूद थे।

आयोजन

## दादा की 85वीं जयंती 10 को, गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा का होगा सम्मान

**बिलासपुर।** महान रंग कर्मी काव्य भारती के संस्थापक दादा मनीष दत्त की 85 वीं जयंती 10 मई को मनाई जाएगी। इस दौरान उनके गीतों की प्रस्तुति एवं गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा का सम्मान किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि दादा की 85 वीं जयंती के आयोजन में काव्यभारती के कलाकारों द्वारा गीतों की सुरमधुर प्रस्तुति विकास नगर 27 खोली में शाम 5.30 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था की कोरग्रुप बैठक में डॉ. विजय सिन्हा वरिष्ठ महासचिव, डॉ. सुप्रिया भारतीयन,डॉ. रत्ना मिश्रा, सविता कुशवाहा, डॉ. किरण बाजपेयी, चन्द्र शेखर बाजपेयी, गौरव गुलहरे, डॉ. निवेदिता सरकार की उपस्थिति में इस वर्ष का मनीष दत्त छठवां सम्मान वरिष्ठ गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा को प्रदत्त करने का निर्णय लिया गया। उक्त आयोजन में नगर के सभी संगीत,कला साधकों से पधारने का अनुरोध संस्था ने किया है।





धर्म-क्षेत्र

## रामसेतु चौक में हनुमान चालीसा का पाठ, की गई महाआरती





**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति व मित्रों ने दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक सरकंडा में माह के पहले मंगलवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। रात्रि पौने 8 बजे श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति के बीच अंजनी पुत्र हनुमान की महाआरती की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि चालीसा पाठ के पहले गीत-दुनिया चले न राम के बिना, राम न चले हनुमान के बिना..सहित हनुमानजी पर आधारित गीतों की गूंज होती रही। इससे पूरा माहौल हनुमानमय बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिक्की मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, आशा सिंह, शुभम मौर्य, प्रकाश साहू, तनुषा पाठक, अनुज मिश्रा, योगेश वर्मा, राजू दास मानिकपुरी, सिम्मी तिवारी, नंदिनी सिंह, किशन सिंह ठाकुर, शशिकांत ज्योत्सना मिश्रा सहित समिति के अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## चिकित्सा शिविर का 115 लोगों ने लिया लाभ

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत गुप्ता समाज ने निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें हड्डी, मांसपेशियों, नसों से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया। दांत से संबंधित बीमारियों से बचने एवं दांत से संबंधित परहेज के बारे में बताया गया। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में 115 लोगों का इलाज किया गया। इस चार दिवसीय शिविर में आयु सीमा का बंधन नहीं था। शिविर में डॉ प्रशांत चक्रवर्ती वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ सुब्रत प्रमाणिक वरिष्ठ दंत चिकित्सक तथा डॉ कोमल बिरदा दंत चिकित्सक ने अपनी सेवाएं दी और कहा कि इस भाग दौड़ की जिंदगी में लोग अपनी स्वास्थ के प्रति लापरवाही बरतते हैं। बीमारी बढ़ जाने पर डॉक्टर के पास जाते हैं, तब तक बीमारियां अपना घर बना लेती है। जिससे इलाज में समय ज्यादा लग जाता हैं।



# प्रकृति देती है धैर्य, संतुलन, मूल्यों की शिक्षा: स्वाति

**राजयोग भवन में चल रहा बाल संस्कार शिविर**

प्रकृति हमें धैर्य, संतुलन, परिश्रम, सहयोग और आत्मनिर्भरता जैसे मूल्यों की शिक्षा देती है। यह हमें शांति, संघर्ष, गरिमा, समानता, रचनात्मकता, दयालुता, उम्मीद और उत्कर्ष की प्रेरणा भी देती है। पारदर्शिता की सीख देती है और निष्काम भाव से सेवा करने का संदेश देती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित छः दिवसीय बाल संस्कार शिविर के प्रथम दिवस सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बच्चों को प्रकृति का महत्व बताते हुए कही। दीदी ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। जब तक हम सीखते रहेंगे तब तक हमारी उन्नति होती रहेगी। हमें अपने आसपास की हर एक वस्तु से कुछ ना कुछ ज्ञान उठाना है। प्रकृति हमें निरंतर कुछ ना कुछ पाठ पढ़ाती है। जीवन जीने की कला सिखाती है। पेड़ हमें सिखाते हैं कि पहले अपने को तैयार करें। यह अपने को तैयार होने का, अपनी नीव को मजबूत करने का समय है। सदा अपनों के साथ बनकर रहे। कभी भी किसी भी बात में कमजोर नहीं होना। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और असफलता तो आती और जाती रहती है परंतु अपना आत्मविश्वास कभी भी ना खोएं। चुनौतियां समस्याएं तो हमेशा आती रहेगी पर चुनौतियां हमें और भी मजबूत बनाती है। जिस प्रकार से आंधी-तूफान पेड़ों की जड़ों को और अंदर गहराई तक मजबूत बनाता है। उसी प्रकार से जीवन में आने वाली समस्याएं हमें और भी मजबूत बनाती है।

**बच्चों को कराया राजयोग मेडिटेशन**

दीदी ने विभिन्न प्रेरणादायक कहानियों एवं एक्टिविटीज के साथ बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इससे पहले बीके संतोषी दीदी ने भारत माता की महिमा के साथ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का अंतर बताते हुए वंदे मातरम राष्ट्रगीत का अभ्यास कराया। अंत में नवीन गुप्ता एवं मास्टर आराध्या ने सभी को एरोबिक्स कराया।



## समर कैंप में बच्चों को मिली 'गुड टच बेड टच' की जानकारी

बिरादरी पंचायत द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में झूलेलाल के भजन से गई है। बच्चों को एक्ट के माध्यम से गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें राम आएंगे, जेजो नालो आहे ब्यूटीफुल से लेकर भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, मृत्युंजय मंत्र व झूलेलाल के भजन, बेत वह झूलेलाल भजनों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन ट्विंकल आडवाणी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष गरिमा शाहणी ने बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने व योग,ध्यान प्रतिदिन घर में अभ्यास करने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों व अभिवावक उपस्थित रहे। जिसमें नरेंद्र नागदेव, अनिल रागवानी, घनश्याम गिडवानी, सुरेश सिदारा, संतोष चावला उपस्थित रहे।

## बच्चों को सिखाए गए ताइक्वांडों के स्टेप

ओम शांति सरोवर उसलापुर के प्रागंण में आयोजित बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों को मनोरंजक तरीके से आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। भ्राता कान्हा साहू कराते ट्रेनर ब्लैक बेल्ट ने बच्चों को ताईक्वांडो के कुछ स्टेप सिखाए। शिक्षिका सुशीला बहन ने बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग करना सिखाया। सेवा केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी ने बताया कि भगवान को याद करने से अच्छी बुद्धि व गुणों का वरदान प्राप्त होता है। सही रास्ते पर चलने की शक्ति मिलती है। जीवन के हर कदम में सफलता प्राप्त होती हैं। उन्होंने सभी को मेडिटेशन द्वारा परमात्मा से जुड़ने का अनुभव कराया। बीके खुशी बहन ने बताया कि यदि हमारा अंतर्मन सच्चा व निःस्वार्थ व छल कपट रहित है तो हमारे में स्वच्छता का गुण है। उन्होंने बाह्य स्वच्छता की भी जानकारी दी। बीके अनामिका बहन ने बताया कि हमसे बड़े, माता पिता, शिक्षक, बुजुर्ग की आज्ञा मानने से बहुत फायदे होते हैं। बड़ों की दुआएं मिलती है।

# छात्रों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करनी चाहिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन द्वारा जीवन की समझ विषय पर शिक्षक पालक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एबीएम पब्लिक स्कूल में प्राचार्य मोना चावड़ा के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला में शिक्षिका ममता मिश्रा ने कहा कि मां बाप और शिक्षकों को बच्चों के प्रति बहुत ही संवेदनशील तरीके से काम करने की जरूरत है। मां बाप और शिक्षकों को भी अपने बच्चों या छात्रों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करना चाहिए। अपने बच्चों पर दबाव नहीं रखना चाहिए कि तुम्हें इंजीनियर या डॉक्टर ही बनना है। हमने तुम्हारे ऊपर इतना खर्च किया है तो तुम्हें मेरिट में आना ही होगा या यह बनना ही होगा। हमें बच्चों की क्षमता का भी आंकलन करना चाहिए कि वह कितना कर सकता है। शिक्षकों और मां बाप तीनों को आपस में सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए।

■ स्वरोज फाउंडेशन की कार्यशाला में अभिभावकों, शिक्षकों को सुझाव

डॉ. रश्मि बुधिया ने सविता प्रथमेश को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कम जीवन में भी इतने अच्छे काम किए, हम उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों छात्रों को शिक्षा का मूल गुण विनयशीलता सिखाना चाहिए, क्योंकि विद्या ददाति विनयं यदि मैं एक डॉक्टर होकर अपने मरीजों से, अपने कर्मचारियों से सम्मानपूर्वक सहानुभूति से बात नहीं कर पाऊं तो मेरी शिक्षा का क्या महत्व, यही जीवन के मूल्य हैं। उपस्थित श्रोताओं को रोगों से बचने के लिए कई प्रकार की वैक्सीन की जानकारी भी दी। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों एवं पालकों को संस्था की तरफ से प्रमाणपत्र अतिथि वक्ता ममता मिश्रा ने प्रदान किए। अतिथि वक्ताओं में प्राचार्य मोना चावड़ा का धन्यवाद संस्था के निदेशक प्रथमेश सविता ने पौधे देकर किया। कार्यक्रम का संचालन अकांक्षा बाजपेयी ने किया एवं आभार प्रदर्शन निदेशक शिवा मिश्रा ने किया। उपस्थित अतिथियों में कविता पटवर्द्धन, निदेशक दिव्या बाजपेयी, महिमा दुबे, चंद्रप्रदीप बाजपेयी, हेमंत चावडा, समर्पण मिश्रा, हर्ष मिश्रा व हेमंत दुबे मुख्य थे।

# शांत और अनुकूल वातावरण में अध्ययन करने सीए छात्रों के लिए रीडिंग रूम की स्थापना

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा ने सीए छात्रों की पढ़ाई और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोरबा में एक नवीन रीडिंग रूम की स्थापना की है। इस रीडिंग रूम का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय परिषद सदस्य और वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए अभय छाजेड़ और रीजनल कौंसिल मेंबर दिनेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर सीए अभय छाजेड़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रीडिंग रूम जैसी सुविधाएं छात्रों को एक अनुशासित, शांत और अनुकूल वातावरण में पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करती है। सदैव छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बिलासपुर शाखा के चेयरमैन सीए मनीष सखूजा ने बताया कि यह रीडिंग रूम आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जहां छात्रों को अध्ययन के लिए शांतिपूर्ण वातावरण, बैठने की उचित व्यवस्था, हाई-स्पीड इंटरनेट और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की। यह रीडिंग रूम छात्रों को उनके लक्ष्य प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा और कोरबा जैसे नगर में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# सीता नवमीं पर व्यंकटेश मंदिर में संकीर्तन

**बिलासपुर।** श्री जानकी नवमीं के पावन पर्व पर सदर बाजार स्थित भगवान श्री वेंकटेश्वर मंदिर में जगत जननी भगवती मां जानकी के दिव्य बालिका स्वरूप की झांकी के साथ भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें भगवद्भक्त सेवादारों ने भाग लेकर भजनों की प्रस्तुति दी एवं करुणामयी किशोरी की कृपा प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि श्री बाल्मीकीजी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सीतायाः चरितं महत् अर्थात मेरी रामकथा में किसी का चरित्र महत्वपूर्ण है तो वह श्री सीताजी की ही है। युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद का वाक्य है, राम कई हो सकते हैं, पर श्री सीताजी एक ही होती है। राम मत्स्य भी हो सकते हैं, कच्छप, वामन, परशुराम भी हो सकते हैं। कृष्ण, बुध्द, कल्कि भी हो सकते हैं, लेकिन श्रीसीता माता एक ही हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने सबसे पहले सीता शब्द का प्रयोग मंगलाचरण में किया है। यहां सीता-राम दोनों की कथा है। मंगलाचरण के बाद स्वतंत्र रूप में सीता की वंदना तुलसीदास ने "मानस" में की है।

**पुष्य नक्षत्र में माता सीता का हुआ था जन्म**

हिंदू धर्म के अनुसार देवी सीता का जन्म मंगलवार के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। देवी सीता का विवाह भगवान राम से हुआ था, जिनका जन्म भी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के नवमीं तिथि को हुआ था। सीता नवमीं हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो देवी सीता के जन्म का भी प्रतीक है। मां सीता को देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह राजा जनक की पुत्री और भगवान श्री राम की पत्नी थीं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल यह पर्व वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है।

**मां जानकी की दिव्य बालिका स्वरूप की सजाई गई झांकी**



स्पोर्ट्स न्यूज

# प्रवीण और रवि की घातक गेंदबाजी की बदौलत बिलासपुर पहुंचा फाइनल में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका सेमीफाइनल मैच बिलासपुर और बीएसपी के मध्य रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेला गए। बिलासपुर के कप्तान मयंक यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 139 रन बनाकर आउट हो गई।

जिसमें कप्तान संगीत सोनी ने 28 गेंदों में 41 रन, वैभव साहू ने 28 रन और प्रथम जाचक ने 22 रनों का योगदान दिया।

बिलासपुर की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए प्रवीण कुमार यादव ने हुए 3.5 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए और रवि रोशन सिंह ने 12 रन

**मेंस सीनियर एलिट ग्रुप टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता**







देकर 3 विकेट और मोहित रावत ने दो विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बिलासपुर ने 140 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 143 रन बना लिए। एक समय बिलासपुर के 53 रन पर 3 विकेट गिर गए थे, फिर इरफान और पवन के मध्य चौथे विकेट के लिए 59 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पवन परनाते ने नाबाद 39 गेंदों में 41 रन बनाए, मोहम्मद इरफान ने 33 रन और अभिजीत ताह ने 25 रनों का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऐश्वर्य मार्य ने 3 विकेट प्राप्त किए और देव आदित्य सिंह को एक विकेट प्राप्त हुए। इस तरह बिलासपुर ने भिलाई स्टील प्लांट को 6 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बिलासपुर फाइनल मैच 7 मई को रायपुर के आरडीसीए मैदान में भिलाई के मध्य खेलने उतरेगी। मैच के निर्णायक नितिन कठवार और उदित बक्शी, थर्ड अंपायर रिषभ सोनी, मनोज तिवारी, महेंद्र साहू तथा ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव थे। बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुएल है।


## खबर संक्षेप



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह प्रभारी ज़रीता लाइतफ़्लांग बिलासपुर पहुंचीं। साथ में सभा के संयोजक उमेश पटेल कांग्रेस कमेटी बिलासपुर जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडे, अटल श्रीवास्तव, रश्मि आशीष सिंह, शैलेश पांडे, आशीष सिंह, विवेक बाजपेई, प्रमोद नायक मौजूद थे।

### जैन विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के प्रांतीय संयोजक नियुक्त

**बिलासपुर।** साहित्य के अकादमिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित करने वाली संस्था विकास संस्कृति साहित्य



अकादमी का राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्गठन किया जा रहा है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ में भी प्रान्तीय समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष डॉ.बृजेश सिंह द्वारा पर्यावरण व राष्ट्रीय भावधारा के साहित्यकार एमके जैन को विकास संस्कृति साहित्य अकादमी का प्रान्तीय संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री जैन को प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी प्रदीप कुमार ने दी।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर में 115 लाभान्वित



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत गुप्ता समाज द्वारा निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 115 मरीजों लाभान्वित हुए। समाज के द्वारा निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 मई से 4 मई तक किया गया। इस शिविर में हड्डी, मांसपेशियों नसों से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया एवं दांत से संबंधित सभी प्रकार के बीमारियों से बचने एवं दांत से संबंधित पहरेज के बारे में बताया गया। रमेश गुप्ता ने बताया शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक थी। शिविर डॉ प्रशांत चक्रवर्ती फिजियोथेरेपी और पेन क्लिनिक एल -1, विनोबा नगर मेन रोड, गायत्री मंदिर के पास और राजकिशोर नगर बजरंग चौक केनरा बैंक के पास फिजियोडेंट क्लिनिक में रखा गया। दंत चिकित्सा शिविर फिजियोडेंट फिजियोथेरेपी एंड डेंटल क्लिनिक बजरंग चौक राजकिशोर नगर केनरा बैंक के पास रखा गया। शिविर सफल बनाने में डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, डॉ सुब्रत प्रमाणिक और डॉ कोमल बीरदा एवं उनके स्टाफ के आलावा समाज के महासचिव किशोरी शरण गुप्ता, निशा गुप्ता, रिशेष गुप्ता, विशेष गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, दीपा गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रमेश गुप्ता, राजेश गुप्ता का सहयोग रहा।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने पं. मोतीलाल नेहरू की मनाई जयंती



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण द्वारा कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पं मोतीलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय, सैय्यद जफर अली, हरीश तिवारी, विनोद साहू, माधव ओत्तलवार सहित अन्य वक्ताओं ने देश की आजादी के संघर्ष में पं मोतीलाल नेहरू के योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक सैय्यद जफर अली, हरीश तिवारी, माधव ओत्तलवार, विनोद शर्मा, सत्येन्द्र तिवारी, हेमंत दीघ्रस्कर, मनोज शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, सुभाष ठाकुर, राजकुमार यादव, दिनेश सूर्यवंशी, गौरव ऐरी, राजेश शर्मा, विरेन्द्र सारथी, विनोद चौहान, उत्तरा सक्सेना, राजीव साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### चकरभाठा व हिर्री माइंस थाने में समर कैंप का शुभारंभ



**बिलासपुर।** आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चकरभाठा क्षेत्र स्थित हिर्री माइंस में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन निशुल्क वालीबाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ नगर पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमती रशमीत कौर चावला द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने नशामुक्ति, साइबर फ्रॉड, ट्रेफिक जागरूकता आदि के संबंध में बच्चों और अभिभावकों को जानकारी दी। मालूम हो कि पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पूरे जिले में ग्रीष्मकालीन निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोबाइल फोन से दूर करना एवं नशे के खिलाफ जागरूक करना है। उक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 से 30 मई तक हिर्री माइंस मैदान में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती चावला ने कहा कि इस तरह के कैम्प आयोजित करने से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास भी होता है। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं उन्हें संवारने की जरूरत है इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर चकरभाठा थाना प्रभारी उत्तम साहू, आरक्षक सतपूर्ण जांगड़े, हिर्री माइंस क्लब के डीजीएम सोमनाथ सिंह, रंजीत सिंह, कोच श्रीनिवास नायर, अब्दुल शकीर, राजेंद्र चंद्र, वीरेंद्र, ग्राम छतौना के सभी पंच व सरपंच उपस्थित थे।

---

**पिछले वर्ष मिले थे डीएलएड में 37 हजार आवेदन** | **ओपन यूनिवर्सिटी में डीएलएड में प्रवेश के लिए मारामारी**

# ओयू में डीएलएड की 24 सौ सीटों के लिए 12 हजार स्टूडेंटस ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी डीएलएड पाठयक्रम में प्रवेश के लिए मारामारी मची हुई है। ओपन यूनिवर्सिटी में डीएलएड के कुल 2400 सीटें हैं जिनके लिए अभी तक लगभग 12 हजार स्टूडेंटस आवेदन कर चुके हैं जबकि अभी आवेदन के लिए करीब एक माह बचा हुआ है।

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में नए सत्र में बीएड, डीएलएड पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ओपन यूनिवर्सिटी में दो वर्षीय इन पाठयक्रमों में बीएड के लिए 500 सीट और डीएलएड में 2400 सीटें निर्धारित हैं। इन पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से इंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया जाता है, जो 29 जून को होगा। इंट्रेंस एग्जाम के नतीजे घोषित होने के बाद मेरिट आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। पिछले साल की तरह इस बार भी डीएलएड में प्रवेश के लिए मारामारी मची हुई है।

पिछले साल डीएलएड के 2400 सीटों के लिए लगभग 37 हजार आवेदन आए थे। इससे यूनिवर्सिटी के समक्ष एग्जाम सेंटर को लेकर समस्या खड़ी हो गई थी और इंट्रेंस एग्जाम के लिए सेंटर बढ़ाने पड़े थे। इस बार भी अभी तक लगभग 12 हजार आवेदन डीएलएड के लिए आ चुके हैं जबकि आवेदन करने के लिए अभी करीब एक माह का समय और बचा हुआ है। इसलिए माना जा रहा है कि इस एक माह में एकात हजार आवेदन और आ सकते हैं।

### दूरस्थ शिक्षा माध्यम से डीएलएड



ओपन यूनिवर्सिटी में बीएड में प्रवेश लेने के लिए डीएलएड होना अनिवार्य है। वहीं डीएलएड में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही किसी शासकीय या प्राइवेट स्कूल में दो साल टीचिंग का अनुभव होना चाहिए। आवेदन करने के बाद प्रवेश परीक्षा में पास होने पर ही प्रवेश दिया जाता है। ओपन यूनिवर्सिटी में दूरस्थ शिक्षा माध्यम से डीएलएड कराया जाता है और यह दो वर्षीय कोर्स है।

### न्यायालय के फैसले के बाद बढ़ा रूझान

पहले बीएड वाले भी प्रायमरी शिक्षक के लिए आवेदन करते थे और उनका चयन हो जाता था, जिससे डीएलएड करने वाले उम्मीदवार चयन से वंचित रह जाते थे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब बीएड वाले मीडिल स्कूल व हाईस्कूल में होने वाली शिक्षकों की भर्ती के लिए पात्र होंगे, जबकि प्रायमरी स्कूलों में शिक्षक पद के लिए डीएलएड वाले ही आवेदन कर सकते हैं। इससे डीएलएड करने वालों को प्रायमरी स्कूल शिक्षक बनने का अवसर मिल रहा है।

### बीएड में आए सात हजार आवेदन

ओपन यूनिवर्सिटी में बीएड के 500 सीटों के लिए पिछले साल 4 हजार 123 आवेदन आए थे। इस बार अभी तक बीएड के लिए लगभग सात हजार आवेदन आ चुके हैं। बीएड दो वर्षीय पाठयक्रम है और इसके लिए स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है, साथ ही एनसीआरटी से मान्यता प्राप्त एकवर्षीय डिप्लोमा और दो साल का टीचिंग अनुभव होना चाहिए। इसमें भी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है।

---

**साइट भी हैक किया जा रहा, हाईकोर्ट ने कहा जांच कराने**

# गरीबों की जगह अमीरों के बच्चों का हो रहा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जांच करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल याचिका में आरोप लगाया गया है कि शिक्षा के अधिकार में एडमिशन के तहत गड़बड़ी की जा रही है। इसमें गरीबों की जगह अमीरों के बच्चों का एडमिशन हो रहा है तो साइट भी हैक किया जा रहा है। इससे पात्र बच्चों को एडमिशन नहीं मिल पा रहा है। हाईकोर्ट की नोटिस के बाद शासन ने कहा है कि इस तरह की कोई शिकायत फिलहाल नहीं मिली है। इस याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के प्रमुख निजी स्कूलों में कुल सीटों का केवल तीन प्रतिशत ही आरटीई के तहत भरा जा रहा है। इसके साथ ही पिछले एक साल में आरटीई के तहत एडमिशन की संख्या में लगभग सवा लाख की गिरावट आई है।

ध्यान रहे कि कोर्ट ने सरकार और शिक्षा विभाग से पिछले वर्षों में आरटीई की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर हुए एडमिशन और रिक्त सीटों की विस्तृत जानकारी मांगी थी। इससे पहले प्रदेश में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत




ईडब्ल्यूएस और बीपीएल वर्ग के बच्चों के सही तरीके से एडमिशन नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से जवाब तलब किया था। कोर्ट ने हाल ही में लागू नए नियमों से आरटीई सीटों में कटौती, एडमिशन में अनियमितता और फर्जी प्रवेश को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा था।

हाईकोर्ट ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि आरटीई अधिनियम के तहत स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार है। गरीब माता पिता भी अपने बच्चों को बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा रखते हैं तो वे अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नामांकन करा सकते हैं।

### डोनेशन और फीस लेकर भरी जा रही सीटें

याचिका में कहा गया है प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा के नामांकन में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को मुफ्त में नामांकन लेना है, और निशुल्क पढ़ाई कराना है, लेकिन गरीब बच्चों के नामांकन में प्राइवेट स्कूल के संचालकों की मनमानी जारी है। घर से 100 मीटर के दायरे में एडमिशन के नियम के आधार पर कई बच्चों को प्रवेश वंचित किया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि बड़े निजी स्कूल आरटीई के तहत आने वाले आवेदनों को जानबूझकर खारिज कर रहे हैं। इसके बाद इन सीटों को डोनेशन और फीस लेकर भरा जा रहा है।

### आरटीआई से जानकारी के आधार पर याचिका

शिकायतकर्ता सीडी भगवंतराव ने सूचना के अधिकार के तहत निकाली जानकारी के आधार पर याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि भिलाई के दो स्कूल में आरटीई में प्रवेशित 39 छात्रों की दस्तावेज जाँच में पाया गया कि छात्र विद्यालय के हैबिटेशन क्षेत्र के बाहर के निवासी है। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जांच के लिए टीम तो बनी लेकिन दस्तावेजों जांच सूक्ष्मता से नहीं की गई।

---

# क्रेडाई बिलासपुर के पटेरिया अध्यक्ष नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व




**बिलासपुर** के प्रमुख रियल एस्टेट संगठन क्रेडाई द्वारा चेंज आफ गार्ड सेरेमनी 2025 का भव्य आयोजन



सोमवार की शाम एसफन रायपुर रोड में किया गया। यह समारोह शाम 7 बजे प्रारंभ हुआ और रात्रिभोज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी ने पद संभाला व पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समारोह का आयोजन नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के मुख्य अतिथिथ्य में हुआ।

क्रेडाई के संरक्षक अटल श्रीवास्तव एवं प्रकाश ग्वालानी की उपस्थित में वर्तमान पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण किया। जिसमें अध्यक्ष सुशील पटेरिया, वर्तमान उपाध्यक्ष नसीम खान, गौरव तिवारी, सेक्रेटरी एवं अध्यक्ष चुने गए। अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष, एआर हेमंत मेघराज जिवनानी, सह-संयोजक सौरभ ग्वालानी, महिला संयोजक रश्मि श्रीवास्तव, यूथ विंग के संयोजक मनीष बजाज का सम्मान करते हुए औपचारिक रूप से कार्यभार का हस्तांतरण किया गया। पूर्व अध्यक्ष सुहेल हक ने संगठन को अपनी सेवाएं समर्पित करने के बाद पद मुक्त हुए और नवनियुक्त अध्यक्ष श्री पटेरिया को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर प्रणय रॉय के स्थान पर एआर हेमंत मेघराज जीवनानी ने कार्यभार ग्रहण किया। सेक्रेटरी एवं अध्यक्ष के रूप में अमित अग्रवाल की घोषणा की गई। यूथ विंग के संयोजक के रूप में दीपक ग्वालानी के स्थान पर मनीष बजाज तथा सह-संयोजक अनिल कंजानी के स्थान पर सौरभ ग्वालानी ने जिम्मेदारी संभाली। महिला प्रकोष्ठ में रुखसाना खान के स्थान पर रश्मि श्रीवास्तव को संयोजक नियुक्त किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर क्रेडाई के पूर्व अध्यक्षों अजय श्रीवास्तव, संदीप केडिया, पी.एन. बजाज, एस.पी. चतुर्वेदी, श्याम शुक्ला, घनश्याम शुक्ला आदि संरक्षकों पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। सभी ने संगठन की उपलब्धियों, आगामी योजनाओं एवं सामाजिक योगदान की सराहना की।

---

**24 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश**

## अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाया, आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार का जुर्माना

**बिलासपुर।** नगर निगम ने आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा बिना नगर निगम से अनुमति लिए ही शहर के बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों में होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर के माध्यम से अपने संस्था का प्रचार प्रसार किया जा रहा था।



संस्था द्वारा सरकारी संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए जा रहा था। आचार्य इंस्टीट्यूट को भेजे नोटिस में निगम ने कहा है की शहर के विभिन्न चौक चौराहों, पेड़-पोधों एवं शासकीय संपत्तियों में बिना नगर निगम के अनुमति के अवैध रूप से विज्ञापन होर्डिंग्स /विज्ञापन बोर्ड / फ्लेक्स/बैनर लगाकर विज्ञापन कार्य किया जा रहा है, जो कि विज्ञापन (पंजीयन एवं विनियमन) आदर्श उपविधि 2012 का सरासर उल्लंघन है तथा शासकीय / सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपित करने का कार्य किया गया है। इस अवैध विज्ञापन होर्डिंग्स / विज्ञापन बोर्ड/फ्लेक्स/बैनर को नगर निगम द्वारा अपने संसाधन / श्रमिकों के माध्यम से हटाया गया है, जिसके लिए 50 हजार की पेनाल्टी लगाई जाती है। इसके साथ ही भविष्य में इस तरह अवैध काम नहीं करने की चेतावनी भी दी गई है। निगम ने 24 घण्टे के भीतर यह राशि राशि निगम कोष में जमा कराने कहा है। ऐसा नहीं करने पर कोचिंग को सील करने की चेतावनी भी दी गई है।

### क्विज-प्रश्नोत्तरी स्पर्धा विविध कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा। जिसमें आमजनों के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 7 मई को अरपा रिवर व्यू साइड में शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुशासन तिहार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को शाम 6.30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल और सांस्कृतिक सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी होगी। जीतने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में लोकनर्तक दल की प्रस्तुति होगी। स्थानीय कलाकार नृत्य, गायन, कविता पाठ होगी।

# संविधान बचाओ रैली 8 को, मुंगेली नाका में होगी सभा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में राज्य स्तरीय होने वाली कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली, आमसभा को लेकर मंगलवार को पूरे दिन कांग्रेस भवन में बैठकों का दौर चलता रहा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों समेत वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस आमसभा में पांच से लेकर आठ हजार तक भीड़ जुटाने की तैयारी चल रही है। कांग्रेस पार्टी की 8 मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, आमसभा होने जा रही है।

इस प्रदेशव्यापी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलेट सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ के अलावा प्रदेशभर के कांग्रेस के बड़े नेता पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए विधायक उमेश पटेल को प्रभारी बनाया गया है। उमेश पटेल और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव यहां तैयारियों को लेकर कांग्रेसजनों की बैठक ले रहे हैं। सोमवार को भी कांग्रेस भवन में संविधान बचाओ रैली, सभा को लेकर बैठक हुई थी। आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। संविधान बचाओ रैली, आमसभा गुरूवार को बिलासपुर में होगी। इसके लिए मुंगेलीनाका ग्राउंड का चयन किया गया है और इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों सहित विधायकों को भीड़ लाने की जवाबदारी सौंपी गई है।



### प्रभारियों को सौंपी गई वार्डों की जिम्मेदारी

बिलासपुर विधानसभा के 38 वार्डों के प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि बिलासपुर विधासभा क्षेत्र में 38 वार्ड आते हैं, जिसको 6 जोन में बांटा गया है और प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें वार्ड 15,16,17,18,19,20,21 के लिए पंकज सिंह, भरत कश्यप, हिमांशु कश्यप बनाये गए हैं। वार्ड 22, 23, 24,25,26 के लिए देवेंन्द्र सिंह, राकेश शर्मा, सन्तोषी रमाशंकर बघेल को वार्ड 30,35,36,41 के लिए राजेश पांडेय, नरेंद्र बोलर, शिबली मेराज, तजम्मुल हक, गजेंद्र श्रीवास्तव, संदीप बाजपेयी को वार्ड 33, 34, 37, 38, 39, 40 के लिए जुगल किशोर गोयल, ओम कश्यप, रीता शंकर कश्यप, अखिलेश गुप्ता को वार्ड 44, 45, 46, 69, 70 के लिए नसीम खान, अब्दुल इब्राहिम, परदेशी राज, अभिलाष रजक को बनाया गया है। जो अपने अपने प्रभार वाले वार्डों में संबंधित ब्लॉक अध्यक्षों के सहयोग से मीटिंग करेंगे और प्रत्येक वार्डों से कम से कम 50 की संख्या में लोगों को लाने की जिम्मेदारी तय करेंगे।

---

**टैंकर से सप्लाई पर्याप्त नहीं, लोग हो रहे परेशान**

# वार्डों में गहराया पानी का संकट, इससे निपटने 8 करोड़ की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र के कई वार्डों में पानी का संकट गहराने लगा है। खास तौर पर देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में लोग परेशान हो रहे हैं। हालांकि निगम ने इसे निपटने के लिए 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। सामान्य सभा में इसे पास करते हुए शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। शहरी क्षेत्र में भी 30 से अधिक जगहों पर जल स्तर गिरा है। तालापारा, मगरपारा, व्यापार विहार, कतियापारा से लेकर दयालबंद, राजकिशोरनगर में पानी की समस्या बढ़ी है।

ध्यान रहे कि देवरीखुर्द क्षेत्र में सालों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। लाख




कोशिशों के बाद भी इसका निराकरण नहीं किया जा सका है। गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र में लगे बोर भी सूख जाते हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को पानी की परेशानी अक्सर बनी रहती है। दूसरी ओर प्रशासन ने पूरे शहर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन को बिछवा दिया है। इसके बावजूद देवरीखुर्द में अमृत मिशन योजना अब तक नहीं पहुंच पाई है जबकि देखा जाए तो सबसे अधिक जरूरत देवरीखुर्द के लोगों को ही है। चिल्हाटी में पानी की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जो कई इलाकों में पीने योग्य पानी की कमी और खराब गुणवत्ता के कारण है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं।

### 15 वें वित्त आयोग से मिली राशि

अब निगम ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से चिल्हाटी और देवरीखुर्द इलाके के निवासियों के लिए 4.73 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

### पाइप लाइन और टंकी का किया जाएगा निर्माण

शहर में पानी के संकट से निपटने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। खास तौर पर देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में इसकी समस्या ना हो इसके लिए अधिकारियों को खास तौर पर निर्देशित किया गया है। निगम ने इसे निपटने के लिए 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

### अपोलो प्रबंधन ने कहा आयुष्मान पैकेज में काम करना आसान नहीं

**बिलासपुर।** आयुष्मान योजना के तहत इलाज देने के मामले में कलेक्टर के समक्ष स्वास्थ्य अधिकारी और अपोलो प्रबंधन के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। कलेक्टर ने क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा के साथ इलाज मुहैय्या कराने के लिए प्रबंधन से बातचीत की। इस दौरान अपोलो के अधिकारियों ने कहा कि वर्ल्ड क्लास मेडिकल सुविधा देने के लिए प्रबंधन को अधिक लागत चुकानी पड़ रही है, ऐसे में आयुष्मान पैकेज के तहत मरीजों का इलाज दे पाना संभव नहीं है। इस पर कलेक्टर ने रास्ता निकालने के लिए कहा है, जिसपर प्रबंधन ने हामी भरी है। बिलासपुर सहित अंचल के लोगों को अपोलो के रहते हुए भी आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने सामान्य बीमारियों को छोड़ जीवनरक्षक के तौर पर कार्डियोलॉजिस्ट, एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, नेफ्रो सर्जरी, डायलिसिस और न्यूरो सर्जरी जैसे क्रिटिकल इलाज में आयुष्मान पैकेज को जोड़कर क्षेत्र के मरीजों को इलाज देने की बात कही है। इसपर प्रबंधन ने कहा कि हर साल करोड़ों रूपए का खर्च महज मेंटनेंस पर किया जा रहा है, आयुष्मान में शामिल होने के बाद इस मेंटनेंस को पूरा कर पाना मुश्किल है। प्रबंधन कहा है कि प्रदेश भर के लोग अच्छी सुविधा के साथ इलाज पाने के लिए अपोलो आते हैं, आयुष्मान पैकेज में इलाज करने पर यहां के बेड इसी से भर जाएंगें, ऐसे में व्यवस्था बिगड़ेगी। कलेक्टर ने प्रबंधन के अधिकारियों से कहा कि उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आयुष्मान पैकेज से जुड़ने का प्रयास करें।

## खबर संक्षेप

### संविधान बचाओ रैली सफल बनाने कांग्रेस की बैठक



**तखतपुर।** संविधान बचाओ रैली सफल बनाने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता आशीष सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में रैली की रणनीति, जनसंपर्क और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। तखतपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करती है, ताकि संविधान की रक्षा हेतु जनआंदोलन को मजबूती दी जा सकें।

### गौ सेवा यात्रा के समापन में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव सुशासन तिहार अंतर्गत 7 मई को दोपहर 2 बजे ग्राम-राम्हेपुर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वे शाम 4 बजे विधायक कार्यालय में होंगे एवं शाम 6 बजे नगर के मुंगेली चौक गौ ग्राम सेवा यात्रा का समापन करेंगे।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान के लिए 15 तक मंगाए गए आवेदन

**मुंगेली।** मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम जरहागांव और पण्डरभट्ठा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 15 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### कोयला खदान में वाहन चालक से मारपीट, कामबंद हड़ताल

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा खदान में रोड सेल का काम करने वाले कंपनी के लोगों ने वाहन चालक के साथ मारपीट के घटना को अंजाम दिया है। चालक कोयला लोड कर आ रहा था इस दौरान यह घटना घटी। जिसके बाद आक्रोशित वाहन चालकों ने कामबंद कर हड़ताल शुरु कर दिया। वाहन चालकों ने एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर दोषी रोड सेल कंपनी का डीओ को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। वहीं आरोपियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा खदान में कार्य पर नियोजित रूंगटा नामक निजी कंपनी के खिलाफ वाहन चालकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। चालकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन उन्हें दबाव डालकर मनमाने स्टॉक में कोयला डंप करवाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। मंगलवार दोपहर ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें चालक ईश्वर आनंद के साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद आक्रोशित चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी।

## निधन

### सवितेश मुखर्जी

**बिलासपुर।** प्रख्यात कार्टूनिस्ट, पत्रकार सवितेश मुखर्जी का सोमवार की रात निधन हो गया।वे 49 वर्ष के थे।



मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। लगभग 30 वर्षों से उनके कार्टून देशभर की पत्र पत्रिकाओं में छपते रहे। अनेक किताबों में भी सवितेश अपनी कला से सराहना हासिल की। शहर के सभी प्रमुख समाचार पत्रों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। सवितेश ने कार्टून वॉच पत्रिका का भी प्रकाशन किया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा सहित पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रेस क्लब ने भी दिवंगत कार्टूनिस्ट को श्रद्धांजलि दी है।

### माखन यादव




**मोपका।** वार्ड क्रमांक 47 पं. रामगोपाल तिवारी नगर निवासी माखन यादव का 4 मई को निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### गेंदराम यादव



**लगरा।** आरसमेटा निवासी गेंदराम यादव का 90 वर्ष की उम्र में 2 मई को निधन हो गया। वे मत्स्य विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके थे। वे स्व. प्रहलाद यादव, रघुनाथ यादव, रमेश यादव, चित्रसेन यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम आरसमेटा में किया गया।

### ध्यानी दास साहू



**लोरमी।** ग्राम खपरीकला निवासी ध्यानी दास साहू 81 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे मुक्तामणि, प्रकाश साहू के पिता थे।

### राघवेंद्र पाण्डेय



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी राघवेंद्र पाण्डेय (टिंकू) 30 वर्ष का 6 मई को निधन हो गया। वे दिनेश पाण्डेय के पुत्र एवं पिंकु, नानू पाण्डेय के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार बेलसरी में किया गया।

### चंदराम सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी चंदराम सिंगरौल 80 वर्ष का 6 मई को निधन हो गया। वे शंकर सिंगरौल के पुत्र, बुधराम, केदार, द्वारिका के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरधौना में किया गया।

## समाधान शिविरों के जरिए लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

# लोगों की उम्मीद एवं आकांक्षाओं के अनुरूप हो रहा समस्याओं का समाधानः धर्मजीत



सकरी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल विधायक धर्मजीत।



तखतपुर नगर पालिका में खाली रही अफसरों की कुर्सी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुशासन तिहार के तहत नगर निगम क्षेत्र का पहला समाधान शिविर मंगलवार को सकरी के आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया गया। इसमें वार्ड क्रमांक 1 से 4 एवं 13 से 14 वार्ड के लोग शामिल हुए। ग्रामीण शिविर कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धूमा और तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांधा में आयोजित हुआ।

सकरी में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित योजनाओं से संबंधित अन्य सामग्रियों का वितरण किया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव घरों में जाकर किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर शासकीय योजनाओं का लाभ लें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि लोग शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार ने जानकारी दी की जोन क्रमांक 1 में लगभग 2400 आवेदन मिले जिनमें से 80 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। अधिकतर आवेदन आवास, सड़क, नाली निर्माण, राशन कार्ड और स्वच्छता से संबंधित है।

### धूमा शिविर में शामिल हुए कलेक्टर

कोटा ब्लॉक के धूमा ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। 10 पंचायतों के कलस्टर के ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। जिला पंचायत सदस्य जय कुमार प्रभुजगत, कोटा जनपद अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारतद्वाज, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राज, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल शामिल हुए। यहां 3500 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जल संरक्षण की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

### सुशासन तिहार में नहीं पहुंचे अफसरः

तखतपुर। नगर पालिका में मंगलवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर को प्रमुख रूप से रहना था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हो सके। लेखापाल संजीत आस्थाना और लिपिक दौलत मिश्रा शिविर में मौजूद रहे। वे किस समस्या का निराकरण किया गया है इसकी पूर्ण रूप से जानकारी नहीं दे पाए। नाली सफाई के लिए दिए गए आवेदनों का भी निराकरण अभी तक नहीं हुआ है। इसके अलावा अभी तक जो मांगें आई हैं और उन्हें राज्य शासन को भेज दिया गया है। कांग्रेस ने नगर अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य जन सुविधाओं को उपलब्ध कराने में फेल है। वहीं सीएमओ अमरेश सिंह ने बताया कि समाधान शिविर में आए आवेदन के संबंध में जानकारी प्रभारी अधिकारी द्वारा दी गई है। समाधान शिविर की तिथि आने के बाद कार्यशाला रायपुर में होने की जानकारी दी गई जिसमें उच्चाधिकारियों का आदेश का पालन कर रायपुर में जाना पड़ा।



हितग्राहियों को आवास की चाबी देते जिला एवं जनपद अध्यक्ष।

## अंत्यावसायी विभाग के प्रभारी अधिकारी को नोटिस

**सेतगंगा/मुंगेली।** सुशासन तिहार के अंतर्गत मुंगेली विकासखंड के ग्राम सेतगंगा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई और आमजनों को जानकारी देते हुए लाभ उठाने प्रेरित किया गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण संबंध में जानकारी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित प्रशासनिक अधिकारियों और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने सीधे आवेदकों से संवाद किया और निराकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली।कलेक्टर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सेतगंगा में किसानों को 20 हजार रूपए तक लिमिट में राशि देने तथा भुगतान के एवज में पैसे काटने की शिकायत पर सीसीबी नोडल और ब्रांच मैनेजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होना चाहिए। इसी तरह कलेक्टर ने कई गॉवों में नल जल योजना के तहत पेयजल नहीं मिलने और सड़क में गड्ढे आदि की शिकायत पर संबंधित ठेकेदारों को बुलाकर समझाईश देने, एसडीओ पीएचई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंत्यावसायी विभाग के प्रभारी अधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप युवाओं को रोजगार एवं स्व रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि शिविर में 14 ग्राम पंचायतों से 4 हजार 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4 हजार 174 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएल यादव, एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## महिला से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



**सरगांव।** बिलासपुर से तिल्दा जा रही महिला से पर्स की लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकद व बाइक जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार तिल्दा नेवरा निवासी ईश्वरी दयाराम कैवर्त पति दयाराम कैवर्त उम्र 32 वर्ष 29 अप्रैल अपने बेटे मिनेश के साथ एक्टीवा वाहन से बिलासपुर से तिल्दा (नेवरा) जा रहे थे। महिला स्कूटी में पीछे बैठी थी शाम 4.50 बजे चंद्रखुरी ओवरब्रिज के पास एक बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार तीन व्यक्ति उनके एक्टीवा के बगल में आए और बीच में बैठे व्यक्ति ने झपट्टा मारकर महिला के हाथ में रखे पर्स को लेकर भाग गए। पीड़िता के पुत्र मिनेश कैवर्त कुछ दूर तक उनका पीछा किया लेकिन वे लोग भाग निकले। पर्स में 21 हजार रुपए नकद, मोबाइल, क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड व मोबाइल चार्जर था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सरगांव में जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर विकास यादव पिता बिसाहू यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम अमने थाना कोटा हा.मु. ग्राम डिघोरा थाना हिर्री जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं मंजित जांगड़े पिता रामलाल जांगड़े उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम डिघोरा थाना हिर्री जिला बिलासपुर (छ.ग.) से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म स्वीकर कर लिया। आरोपियों के कब्जे से नकद एवं बाइक जब्त किया गया है।

## डाइट की वार्षिक पत्रिका कादम्बरी का विमोचन



**पेण्ड्रा।** डाइट में समय समय पर होने वाले नवाचारों के अंतर्गत डाइट की वार्षिक पत्रिका कादम्बरी के प्रकाशन का कार्य किया गया। इस पत्रिका का विमोचन डाइट के सभागार में विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान एससीआरटी से आए राज्य स्रोत प्रशिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर डाइट प्राचार्य जेपी पुष्प, उप प्राचार्या आभा सिंह, पत्रिका संपादक रश्मि नामदेव व्याख्याता हिन्दी, सह संपादक आशुतोष दुबे सहा शिक्षक विज्ञान तथा डाइट पेण्ड्रा के स्टाफ सहायक प्राध्यापक ममता चक्रवर्ती, व्याख्याता बनमाली वासुदेव, व्याख्याता सुनीता लकड़ा, व्याख्याता विकास वर्मा, एस के नोनिया, श्वेता तिवारी, आदि के साथ राज्य स्रोत प्रशिक्षकों सुमित पाण्डेय, आर के जलतारे, आरती ठाकुर, कविता देवांगन, भूपेन्द्र दीवान आदि उपस्थित थे। पत्रिका डाइट प्राचार्य जेपी पुष्प के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में उप प्राचार्य आभा सिंह के मार्गदर्शन एवं व्याख्याता रश्मि नामदेव के संपादन में सहायक शिक्षक विज्ञान आशुतोष दुबे के सह संपादन एवं संयोजन में प्रकाशित हुई। पत्रिका के विमोचन पर प्राचार्य जेपी पुष्प ने संपादकीय टीम को शुभकामनाएं दी।

## भर्ती के लिए सरकार शीघ्र करे काउंसिलिंग



**पथरिया।** डीएड, डीएलएड अभ्यर्थी संघ के लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एंव क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात कर सहायक शिक्षक पद के काउंसिलिंग प्रक्रिया को शुरू करवाने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की मांग की। अभ्यर्थी शैलेन्द्र जायसवाल, रामगोपाल जायसवाल, पवन वर्मा, अनीता पटेल, राकेश साहू,ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक पद पंचम चरण की काउंसिलिंग व नियुक्ति प्रक्रिया 2621 पदों पर प्रक्रिया संपन्न कराई गई है। उक्त प्रक्रिया 11 अप्रैल 2025 को कॉमन मेरिट अनुसार संपन्न कराई गई थी जिस कारण 49.9 प्रतिशत अभ्यर्थी अर्थात 1299 ही पात्र हुए तथा 50.5 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों के अपात्र होने से लगभग 1316 पद रिक्त हो गया है। इन पदों डीएड अभ्यर्थी की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने वैधता अवधि 1 जुलाई तक के लिए बढ़ाई गई है। इन रिक्त पदों की समय पर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है तो पुनः वैधता समाप्त होने संबंधी समस्या खड़ी हो जाएगी। अभ्यर्थियों ने बताया कि वर्तमान में शिक्षकों की अति आवश्यकता है जिसके कारण शीघ्र 1316 रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखने धरमलाल कौशिक से मुलाकात कर मांग की है।

## नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हुई बैठक



**तखतपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार सचिव अनिल सिंह चौहान, रिचा यादव तालुक विधिक सेवा समिति तखतपुर की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिवक्ताओं के साथ बैठक व्यवहार न्यायालय परिसर में बैठक हुई।

आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई को आयोजित होने वाला है उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में विधिक सेवा के माध्यम से 3 मई को अधिवक्ता, विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल सिंह चौहान, रिचा यादव, ने लोक अदालत में प्रकरणों के त्वरित निराकरण, आपसी समझौते की प्रक्रिया बताई, ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाने के लिए जोर दिया गया एवं बताया गया कि उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु पेश किया गया है। इस अवसर पर एडीपीओ दिग्विजय दयाल, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विवेक पांडेय,अशोक ठाकुर ,छबिराज क्षत्रिय,चंद्रहास पांडेय, जुगल किशोर पांडेय, दुर्गा सिंह ठाकुर, अजय सोनकर, सत्येंद्र जायसवाल, पारथ सिंह ठाकुर, दिलीप तोलानी, भारत तोलानी, रूपेश तिवारी,योगेश गंधर्व, प्रदीप यादव, अनील तिवारी, विमल कौशिक, दीक्षा क्षत्रिय, रूपाली ठाकुर, आर,आर बंजारे, जनक प्रजापति, मीना अग्रवाल, सतीश कश्यप, लक्ष्मीदत्त मेरसा, महेंद्र कुमार पवार, विधिक कर्मचारी अन्य उपस्थित रहे।

## दो ट्रेलर के टकराने से लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

**सीपत।** सीपत-गुड़ी मार्ग स्थित पेट्रोल टंकी के सामने सोमवार रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्रेलर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर का चालक नशे में धुत था। गनीमत रही कि दोनों ट्रक ड्राइवर और हेल्पर कूदकर जान बचाने में सफल रहे। एनटीपीसी सीपत की फायर ब्रिगेड टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया और सीपत पुलिस की टीम को यातायात बहाल करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

■ ड्रायवर व हेल्पर ने कूदकर बचाई जान



जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि करीबन 12.00 बजे एनटीपीसी एडम गेट के पास इंडियल ऑयल हंसा पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड में 2 ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बी एच 6480 एवं ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बी एच 6463 दो ट्रेलर आपस मे टकराने से भीषण आग लग गई। घटना के बाद सड़क पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल सीपत टीआई गोपाल सतपथी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर एनटीपीसी सीपत की सीआईएसएफ की मदद लेकर 2 दमकल वाहन से आग पर काबू पाया गया। वही विद्युत विभाग को सूचित कर विद्युत लाइन सप्लाई को बन्द कराया। बड़ी दुर्घटना टली रोड जाम होने पर रात्रि में यातायात सुचारू रूप से चालू कराया गया। उक्त दोनों ट्रेलर में आग लगने से सामने का इंजन बुरी तरह से जल गया है। दोनों गाड़ी के ड्राइवर के विरुद्ध तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने पर थाना सीपत में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेलर भारी रफ्तार में वाहन चलाते है। वहीं कई ट्रेलर को नौसिखिए भी धुत होकर चलाते है। ऐसे में इस तरह की घटना होना जायज बात है। कभी कभी तो इनकी रफ्तार इतनी तेज होती है कि चालकों को वाहन नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है और घटना घट जाती है। जिम्मेदार अधिकारियों को ट्रेलरों के रफ्तार पर लगाम लगाने आवश्यक कार्रवाई की आवश्यकता है।

## कलेक्टर व एसपी ने ली बैठक

# नागरिकों को नए कानून की जानकारी देने के निर्देश



**मुंगेली।** जिले में तीन मुख्य नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने 5 मई को जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में बैठक ली। बैठक में नए कानूनों के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और तकनीकी ढांचे पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि नए कानून केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय और नागरिक सुविधा है। डिजिटलीकरण के माध्यम से प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को जनजागरूकता अभियान चलाने और नागरिकों को नए कानूनों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, इन कानूनों का मूल उद्देश्य प्रत्येक आपराधिक प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इसके लिए पुलिस विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में गृह एवं विधि विभाग पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी अधिसूचना, एसओपी का पालन करने, अंतर्विभागीय समन्वय हेतु साप्ताहिक समीक्षा बैठक, जिले में सभी संबंधित कार्यालयों में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की उपलब्धता एवं इंटीग्रेशन, 06-90 दिनों की समय-सीमा में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने, प्रत्येक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को नवीन कानून का प्रशिक्षण दिलाने, अनुपस्थिति में विचारण करने का प्रावधान, 07 वर्ष से अधिक की सजा के प्रकरणों में फोरेंसिक टीम द्वारा निरीक्षण, ई-साक्ष्य पर सभी विवेचकों का पंजीयन, जीरो एवं ई-एफआईआर की मॉनिटरिंग के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा सहित पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारी और अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## सूने मकान का ताला तोड़कर नकद पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

घर में ताला लगाकर चौथिया में शामिल होने गए ग्रामीण के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 1 लाख 30 हजार रूपए की चोरी कर ले गए। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा नवापारा झुमुक सोनी की पत्नी हीरामणी सोनी मजदूरी करने बाहर गई है और बहू लक्ष्मीन सोनवानी अपने मायके गई हुई है। प्रार्थी के साले गणेशू बंजारे की शादी हुई थी गणेशू की पत्नि पिंकी को लेने के लिए चौथिया में मेहमान आए थे 5 मई को उसका बेटा सनत और प्रार्थी दोनों चौथीया कार्यक्रम में शामिल होने घर में ताला लगाकर 10 बजे गए हुए थे। 3 बजे लगभग वापस घर आए तो देखा कि दरवाजे का ताला टुटा हुआ था बहू लक्ष्मी के कमरे में रखे आलमारी का ताला टुटा हुआ था उसमें 10 ग्राम सोने का टाप्स, 20 तोला चांदी, सोने



सात नग छोटा लाकेट, एक हजार रूपए नगद एवं प्रार्थी की आलमारी में रखे 64 हजार रूपए नगद, एक जोड़ी सोने का टाप्स, सोने का मंगलसूत्र, लाकेट, तीन चांदी की अंगुठी लगभग 1 लाख 30 हजार रूपए की अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है इसके अलावा पड़ोसी अनुराग डाहिरे का घर का भी दरवाजा टुटा हुआ है प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305ए, 331,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### नाबालिग घर से लापता, पुलिस कर रही जांच

तखतपुर। रात में मां के साथ घर में सोई बच्चीं सुबह कमरे में नहीं थी। पुलिस ने प्रार्थियां के रिपोर्ट पर धारा 137,2 कायम कर विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालेजपारा वार्ड 12 निवासी महिला की लगभग 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची घर में अपने परिवार के साथ सोई हुई थी छात्रा 5वीं की पढ़ाई की हुई है। रात लगभग 2 बजे उसकी मां देखी तो बच्चीं कमरे पर नहीं थी। आसपास तलाशने के बाद नहीं मिली तो प्रार्थियां की मां ने थाने में पहुंचकर बच्ची को बहला फुसलाकर ले जाने की बात कहीं। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 137,2 कायम कर विवेचना में लिया है।


तखतपुर विधान सभा क्षेत्र ग्राम सकर्रा में नवीन उप-तहसील शुभारंभ में पधारे
मुख्य अतिथि
मान. श्री टंकराम वर्मा जी एवं
अध्यक्ष मान. श्री धर्मजीत सिंह जी का
स्वागत-अभिनंदन....
मान. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण छ.ग. शासन
विशाल सिंह
राकेश तिवारी
सौरभ पाण्डेय
अनिल शर्मा
मनीष तिवारी
संतोष कौशिक गुरुजी
मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर

## खबर संक्षेप

### साइबर थाने का टीआई लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने रेंज स्तरीय साइबर थाना के कार्यशैली का नाखूश व दो प्रकरण में आरोपियों को जमानत मिलने पर टीआई विजय चौधरी को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं एक एसआई को मूल जिला जीपीएम के लिए रिलीव कर दिया गया है। वहीं दो नए टीआई की पोस्टिंग की गई है। पूर्व में एसएसपी रजनेश सिंह ने मीटिंग लेकर साइबर ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया गया था। प्रारंभ में साइबर थाना में अपराध कायम कर दूसरे राज्यों में पतासाजी कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही थी। किन्तु पिछले कुछ समय से साइबर थाना में आनलाइन ठगी के मामले में अच्छे से कार्रवाई नहीं हो रही थी। जिस रफ्तार से आनलाइन ठगी के मामले में बढ़ रहे हैं, उस तर्ज पर ठगबाजों पर कार्रवाई नहीं हो रही थी। वहीं साइबर थाना के दो प्रकरण में आरोपियों को आसानी से जमानत मिल गई है। एसएसपी श्री सिंह ने कार्यशैली से नाराज होकर साइबर थाना के टीआई विजय चौधरी को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं थाना के एसआई अजय वारे को हटा कर उसे मूल जिला जीपीएम के लिए रिलीव कर दिया है। वहीं एसीसीयू के टीआई राजेश मिश्रा व पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई रविकांत तिवारी की साइबर थाना में पोस्टिंग की गई है।

### स्वास्थ्यकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े स्वास्थ्यकर्मी के सूने मकान व फार्म हाउस में वकील के गाड़ी व एक स्कूटी से नकद रकम व जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, जूनाशहर लखनी देवी मंदिर के पास रहने वाले शेख नौशाद अहमद पिता हजी मोहम्मद शेख अब्दुला स्वास्थ्य विभाग में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी है। 5 मई को दोपहर 3 बजे वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर दो आलमारी को तोड़कर 40 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। शाम 4.50 बजे पड़ोसी ने उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। दूसरी घटना में टिकरापारा निवासी वकील डा. शैलष आहुजा 6 मई को बिल्हा मुढ़ीपार अपने फार्महाउस कबूतर छोड़ने गए थे। वह फार्महाउस में अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एस, 1829 खड़ी कर कबूतर लेकर चले गए। उसके बाद लौटे तो कार में रखा बैग चोरी हो गई थी। बैग में 4500 रुपए नकद, दो एयर बर्डस, दवाई, घड़ी, चार्जर, पक्षकारों के कागजात रखे हुए थे। तीसरी घटना में सकरी एसएस विला कालोनी निवासी प्रियंका वस्त्रकार पति चंदेश्वर वस्त्रकार 4 मई को शाम 7 बजे मार्केटिंग करने संडे मार्केट रिवरव्यू आई थी। वह अपनी स्कूटी खड़ी कर खरीददारी कर रही थी। इसी दौरान उनके स्कूटी से पर्स सहित सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल चोरी कर लिया गया है।

### 46 नग मवेशी ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गौ रक्षकों ने 46 नग मवेशी को बर्बरतापूर्वक बिक्री करने ले जाते दो तस्करों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मवेशी जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, गौ रक्षकों को सूचना मिली ग्राम चौहा में मवेशियों को बर्बरतापूर्वक बिक्री करने ले जाया जा रहा है। गौ रक्षकों ने गांव में घेराबंदी कर चौहा निवासी सुनील धृतलहरे पिता सहसराम धृतलहरे, मंगलू बारमते को पकड़कर उनके पास 46 नग मवेशी बरामद कर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पूर्णेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट पर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक पर टांगी से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने शराब पीने मना करने पर युवक पर टांगी से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 5 मई की रात 10 बजे अमेरी के देवेन्द्र टोडर के घर सामने दौलत उर्फ राजा बंजारे शराब पी रहा था। उनकी दादी व बहन उन्हें शराब पीने से मना की तो युवक उनके साथ गाली गलौज कर करने लगा। आवाज सुनकर देवेन्द्र युवकों को शराब पीने से मना किया तो दौलत उर्फ राजा बंजारे उनके साथ टांगी से हमला कर दिया।

**खेतिहर जमीन को काटकर बेच रहे दलाल**

**टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने लिखा पंजीयन विभाग को पत्र, अवैध प्लाटिंग पर नहीं लग रही लगाम**

# अवैध प्लाटिंग: 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से लगे कृषि और गैर आवासीय जमीनों को प्लाट काटकर अवैध रूप से बेचने का खेल नहीं थम रहा है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और नगर निगम से अनुमति के बिना ही भू-माफिया लोगों को प्लाट बेच रहे हैं।

हालांकि, नगर निगम इन भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रहा है, लेकिन सकरी, घुरू, अमेरी में अवैध प्लाटिंग बेखौफ चल रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जो कि निगम एरिया से बाहर है, वहां देखने वाला कोई नहीं है। जमीन दलाल खेतिहर जमीन को काटकर बेच रहे हैं। नोटिस के बाद भी यह दलाल काम नहीं रोक रहे हैं तो अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने पंजीयन विभाग को पत्र जारी कर 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों पर रजिस्ट्री नहीं करने कहा है। पंजीयन विभाग ने भी इस पर रोक लगा दी है। हालांकि यह भी शिकायत मिल रही है कि गुपचुप तरीके से पंजीयन जारी ही है। सकरी से लेकर गनियारी कोटा रोड की दोनों तरफ तो खुलेआम अवैध प्लाटिंग जारी है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसके साथ ही सकरी से मेण्ड्रा और पेण्ड्रीडीह बायपास की सड़कों तरफ दलाल तंबू लगाकर बिना ले आउट पास जमीनों की कच्ची प्लाटिंग कर रहे हैं।

जिले में जमीन दलाली नहीं रुक रही है। राजस्व, निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की टीम अपने हिसाब से सख्ती बरत रही है लेकिन नियमों की आड़ में सब जारी ही है। पिछले दिनों जिला प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निगम का भवन शाखा और अतिक्रमण दस्ता पिछले कुछ दिनों से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा भी कर रहा है। बावजूद इसके शहर के आउटर में कृषि और गैर आवासीय जमीनों को प्लाट काटकर भू-माफिया बेच रहे हैं। सरकंडा के मोपका, चिल्हाटी से लेकर बिजौर, बिरकोना, खमतराई, बहतराई के साथ ही सकरी, घुरू, अमेरी, तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग बेखौफ चल रहा है।

### किसानों से एग्रीमेंट कर बेच रहे जमीन

दरअसल, शहर के भू-माफिया अपनी पहचान छिपाने के लिए किसानों की जमीन का पहले एग्रीमेंट करते हैं। इसके बाद प्लाट काटकर उसे अपने एजेंटों के माध्यम से लोगों को बेचते हैं। ऐसे भू-माफिया लोगों को नाली-बिजली और ट्रांसफार्मर लगाकर कॉलोनी बनाने का झांसा देकर जमीन बेच रहे हैं। नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति के बिना ही खेत को प्लाट बनाकर रोड बनाकर बिजली खंभा लगा दिया गया है। उनके झांसे में आकर लोग जमीन भी खरीद रहे हैं।

### बिना डायवर्सन और ले आउट प्लाटिंग जारी

खास तौर पर निगम से बाहरी क्षेत्र और दूसरे तहसीलों में खेतिहर जमीन बेची जा रही है। कई जगहों पर बिना डायवर्सन और ले आउट भी प्लाटिंग जारी है। ज्ञात हो कि शहर से लगे सभी इलाकों में नई कॉलोनी बनाने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति आवश्यक है। इसके साथ ही कॉलोनाइजर लाइसेंस भी जरूरी है। कृषि योग्य जमीन को टुकड़ों में बेचने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से मद परिवर्तन कराना भी जरूरी है लेकिन, इन सारे नियम कायदों को ताक में रखकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

### शहर की खूबसूरती पर लगा रहे दाग

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और निगम के अधिकारियों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले सरकंडा के मोपका, चिल्हाटी से लेकर बिजौर, बिरकोना, खमतराई, बहतराई के साथ ही सकरी, घुरू, अमेरी, तिफरा उसलापुर क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए रजिस्ट्रार को पत्र लिखा गया है। दरअसल, यहां भू-स्वामी बिना व्यपवर्तन, ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं, जिसे चिन्हित कर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक निगम सीमा के किसी भी इलाकों में अवैध प्लाटिंग करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### दिया गया है नोटिस

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने पंजीयन विभाग को पत्र जारी कर 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों पर रजिस्ट्री नहीं करने कहा है। लगातार शिकायतों के बाद इस तरह की जमीनों की खरीद फरोख्त पर रोक लगाई गई है। नोटिस भी दिया गया है।

- **बीपी पटेल**, ज्वाइंट डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

**हिरण और सांभर के लिए लगाए गए शेड हवाओं की जद में उड़े, विभाग कर रहा मरम्मत**

# अंधड़ ने उजाड़ा वन्यजीवों का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले शनिवार को आए अंधड़ ने कानन पेंडारी में खलबली मचा दी है, इस दौरान वन्यजीवों के लिए बनाए गए शेडनुमा आशियाने खस्ताहाल हो गए हैं। विभाग अब इन आशियानों को दुरूस्त करने में लगा है। खास बात यह है कि सालों पुराने पेड़ भी अंधड़ की चपेट आने से टूट गए हैं, जिसे हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

- पेड़ और डंगालों को भी हटाने की नौबत

हाल ही में गर्मी को देखते हुए कानन पेंडारी जू में वन्यजीवों को तपती धूप से बचाने के लिए शेड् बनाए गए हैं, इसमें पैरे और घास की छावनी भी बनाई गई है, लेकिन हाल ही में आए अंधड़ ने वन्यजीवों के आशियाने को ही उजाड़ दिए हैं। सांभर और हिरण के लिए बनाए गए शेड् तेज हवाओं में उड़ चुके हैं, जिसके कारण वन्यजीवों पर तेज धूप पड़ रही है। वन्यजीव पेड़ों की छांव के नीचे शरण लेने को मजबूर है। वहीं कानन प्रबंधन एक के बाद एक शेड को दुरूस्त करने में लगा है। बताया जा रहा है कि शनिवार को आए आंधी के चलते पेड़ों की डंगाल कानन पेंडारी के सैर करने वालों के लिए जोखिम बन चुकी थी। कई पेड़ सड़क पर ही धराशाही हो गए थे। प्रबंधन ने पर्यटकों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए ऐसे डंगालों को हटा लिया है।



कानन पेंडारी में लगाए गए शेड आंधी में उजड़ गए हैं।

### गर्मी की तैयारी पर फेरा पानी

जू प्रबंधन ने चीतल, सांभर, बारहसिंगा जैसे कई वन्यजीवों को होने वाली परेशानी को देखते हुए खुले क्रेज में रखने का प्रबंधन किया है। यहां बांस से बने टटेरे बनाएं गए हैं। ग्रीन नेट लगाया गया है, लेकिन कई जगहों पर ग्रीन नेट फट चुके हैं। विभाग ने फरवरी माह में ही 8 लाख की लागत से गर्मी की तैयारी पूरी की थी, लेकिन एक दिन के अंधड़ ने तैयारियों पर पानी फेर दिया है। कानन प्रबंधन द्वारा वन्यजीवों को गर्मी में शीतलता देने के लिए दिन में 3 बार स्पींकलर चला रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जहां शेड उखड़ गए हैं, वहां मरम्मत कराई जाएगी।

### व्यवस्था जल्द सुधार लेंगे

अंधड़ कुछ शेड उड़ने की जानकारी नहीं है। एक दो शेड इधर-उधर हो चुके है, इसके लिए कर्मचारी तैनात है। दो-चार दिन में व्यवस्था सुधार लेंगें। वन्यजीवों को दिक्कत नहीं होने देंगे।

-**यू गणेशन**, डीएफओ, कानन पेंडारी

**कैंसर अस्पताल**

# फायर फाईटिंग, ईटीपी निर्माण में खर्च होंगे 8 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में निर्माणधीन कैंसर अस्पताल का एक बार फिर स्टीमेट रिवाइज किया जा रहा है। साल 2023 में शुरू हुए अस्पताल निर्माण में 6 माह की देरी हो चुकी है। वहीं अब फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट बनाने के लिए 8 करोड़ रूपए का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार बजट में स्वीकृत निर्माण कार्य जारी रहेंगें, लेकिन इस बीच स्वीकृति मिलने पर नई सुविधाएं भी बनाई जाएगी।

- सीजीएमएससी, सिम्स और चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों ने ली थी मीटिंग

कैंसर अस्पताल अब आकार ले चुका है। 115 करोड़ की लागत से बन रहे अस्पताल की सिविल वर्क 80 फीसदी पूरी की जा चुकी है। इस बीच अप्रैल में माह में चिकित्सा शिक्षा अधिकारी के अधिकारी, सिम्स और सीजीएमएससी के अधिकारियों की बैठक में नई प्रस्ताव दिए गए हैं।

सीएजीएसएससी ने इस प्रस्ताव में 8 करोड़ का स्टीमेट तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कैंसर अस्पताल में फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट निर्माण किया जाएगा, इसके लिए 8 करोड़ रूपए का स्टीमेट दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण के साथ ही इनका भी निर्माण किया जा सकता है। जानकारों के अनुसार राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण में कम से कम 1 साल का समय लग जाएगा।



### लागत बढ़ी, बजट में किया जाएगा प्रावधान

कैंसर अस्पताल का बजट साल 2018-19 में स्वीकृत किया गया था, वहीं 2023 में निर्माण शुरू कराया गया है, दो साल बाद भी अस्पताल का निर्माण पूरा नहीं कराया जा सका है। बताया जा रहा है कि 4 मंजिल के अस्पताल के लिए 345 करोड़ रूपए का बजट बनाया गया था, प्रथम चरण में 115 करोड़ की लागत से ग्राउंट फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर ही निर्माण किया जाएगा। निर्माण में अबतक 80 फीसदी सिविल वर्क हो चुका है।

### 8 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया

8 करोड़ रूपए का प्रस्ताव अभी भेजा गया है, इससे फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी लगाएं जाएंगें। बजट से अलग निर्माण कार्य है इसलिए राज्य सरकार से फंड और स्वीकृति दोनों लेनी होगी।

-**चंद्रहास ध्रुव**, नोडल अधिकारी, कैंसर अस्पताल

# अवैध बैनर पोस्टर पूर्णत: प्रतिबंधित, हर फ्लेक्स पर लगेगी 5 हजार की पेनाल्टी, 5 प्रवेशद्वार बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क, चौक-चौराहे, डिवाइडर और विद्युत खंभों समेत किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर लगाने वालों की खैर नहीं। ऐसे अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रति फ्लेक्स पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूलेगी और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी, साथ ही प्रिंटिंग करने वाले का नाम अब हर फ्लेक्स में मुद्रक के रूप में देना होगा।

- फ्लेक्स में मुद्रक का नाम अनिवार्य, अवैध लगे पाए जाने पर मुद्रक से भी होगी वसूली

अवैध लगाए पाए जाने जुर्माना राशि का 50 प्रतिशत मुद्रक से वसूला जाएगा और 50 प्रतिशत फ्लेक्स छपवाने और लगाने वाले से। इस संबध में आज एमआईसी की बैठक में निर्णय लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क पर बोर्ड स्थायी रूप से लगाया गया है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शहर के मार्ग, चौक, डिवाइडर, खंभे, सड़क किनारे अवैध रूप से बैनर, पोस्टर लगाकर आवागमन को बाधित कर दिया जाता है इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। अवैध बैनर पोस्टर ना सिर्फ शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं बल्कि शासकीय संपत्ति को भी विरूपित किया जा रहा है। इस कृत्य पर लगाम लगाने और कार्रवाई करने के लिए आज महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता में हुई एमआइसी की बैठक में सभी शासकीय संपत्तियों से अवैध बैनर पोस्टर निकालने और इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने के साथ ही हर फ्लेक्स पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस संबंध में बुधवार को बैठक रखी गई है।




मंगलवार को एमआईसी की बैठक में उपस्थित महापौर और आयुक्त।

### 'वन प्रोपर्टी वन टैक्स' का प्रस्ताव रखा गया

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट का दर्ज दिलाने के लिए एमआईसी में प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही श्रीकांत वर्मा मार्ग जाने वाली चौक जहां पर हमर बिलासपुर लिखा हुआ है पर रोटरी क्लब चौक का निर्माण कराया जाएगा और उसका पूरा खर्चा रोटरी क्लब वहन करेगा। 15 वें वित्त से 100 नग हाथ ठेला 12 लाख रुपए में खरीदे जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में 'वन प्रोपर्टी वन टैक्स' प्रणाली को लागू किए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

### उद्यानों में लगेगी लाइट

उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था के रख रखाव हेतु एक करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। साथ ही नगर निगम के विभिन्न स्थानों में खाली पोलों एवं नए पोलों में स्ट्रीट लाईट फिटिंग कम्प्लीट प्रदाय एवं स्थापना के लिए 50 लाख का टेंडर बनाया गया है। नगर निगम क्षेत्र में 5 स्थानों पर नगर प्रवेश द्वार बनाने के लिए 70.20 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है।

### एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव पेश

एमआईसी मेंबर विजय ताम्रकार द्वारा एक राष्ट्र-एक चुनाव का प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया है। इसमें कहा गया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव का उद्देश्य यह है कि निर्वाचन महंगे और समय लेने वाले हो गए हैं। इसलिए देशहित एवं लोकहित में एक साथ निर्वाचन करवाने की अत्यंत आवश्यकता है। देश के मतदान की प्रकियावाले कई हिस्सों में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के चलते संपूर्ण विकास कार्यों पर रोक लगा देता है। सामान्य जनजीवन में व्यवधान उत्पन्न होता हैं सेवाओं के क्रियान्वयन भी प्रभावित होता है और निर्वाचन डियूटी के लिए लम्बी अवधि तक जनशक्ति की तैनाती करनी पड़ती है। सामान्य सभा में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। और अब शासन को भेजा गया है।

### एसईसीएल आज करेगा मॉक ड्रिल

**बिलासपुर।** शहर में एसईसीएल की तीन कालोनियों में बुधवार की रात अंधेरा छा जाएगा। स्ट्रीट लाईटें तो बंद रहेंगी ही, वहीं कालोनी के 600 घरों में भी अंधेरा छाया रहेगा। यह सब कोई बिजली की कटौती या किसी समस्या के कारण नहीं, बल्कि एसईसीएल द्वारा किए जा रहे मॉक ड्रिल के अंतर्गत किया जाएगा। सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के अंतर्गत एसईसीएल बुधवार को दो चरणों में रिहर्सल करेगा। इस संबंध में एसईसीएल के सीएसओ कर्नल अशोक कुमार ने बताया कि रिहर्सल का पहला चरण दिन के समय में किया जाएगा। इसके अंतर्गत ऐसे कर्मचारी-अधिकारी या रहवासी जो किसी कारणवश अपनी बिल्डिंग से बाहर हैं तो उन्हें बताया जाएगा कि हमले से बचाव के लिए तत्काल जमीन पर लेट जाना है। ऐसा करने से वे किसी भी तरह की चोट-चपेट से अपना बचाव कर सकेंगे। रात के समय मॉक ड्रिल के अंतर्गत एक बार ब्लैक आऊट किया जाएगा। सड़कों की स्ट्रीट लाईटें विभाग द्वारा बंद कर दी जाएंगी। इसी तरह घरों की लाईट यहां रहने वाले बंद कर लेंगे। उन्होंने बताया कि शहर में एसईसीएल की तीन कालोनियों इंदिरा विहार, जन शताब्दी नगर व बसंत विहार हैं। इन कालोनियों मघर के बाहर की लाईट पूरी बंद रहेंगी, वहीं भीतर की तेज रौशनी वाली लाईटें बंद की जाएंगी।

### हाईटेक बस स्टैण्ड में शराब पीते 5 पकड़े गए



**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने देर रात हाईटेक बस स्टैण्ड में दबिश देकर शराबखोरी करने वाले पांच लोगों को पकड़ लिया है। वहीं संदिग्ध रूप से घूमने वाले असामाजिक तत्वों को खदेड़ा गया है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।
सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह को लगातार शिकायत मिल रही थी कि हाईटेक बस स्टैण्ड में शराबखोरी व असामाजिक तत्वों के द्वारा हंगामा मचाकर यात्रियों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मंगलवार को रात 10 बजे टीआई श्री सिंह ने स्टाप के साथ हाईटेक बस स्टैण्ड में दबिश देकर शराब पीते पांच लोगों को पकड़कर कार्रवाई करने थाने भेजा। असामाजिक तत्वों को खदेड़ा गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# करंट की चपेट में आकर 10 साल के बालक की मौत, मां झुलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांटा तार में लगे करंट की चपेट में आकर 10 साल के बालक की मौत हो गई है। वहीं बेटे के बचाने के फेर में मां झुलस गई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी स्वर्ण टण्डन ने बताया, ग्राम कोकड़ी निवासी अनिता जगत अपने 10 साल के बेटा पंकज कुमार जगत के साथ मंगलवार की सुबह 6.30 बजे खेत में रखवाली करने गई थीं। उनका बेटा खेलते हुए पास के प्यारे लाल यादव के खेत में लगे कांटा तार को पकड़ लिया। उसमें करंट प्रवाहित होने से वह चपेट में आ गया। बेटे के चिल्लाने पर मां उसे बचाने लगी और वह करंट की चपेट में आ गई। ग्रामीणों के द्वारा मां बेटे का बाहर निकालकर इलाज के लिए मस्तूरी स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद पंकज कुमार जगत को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी मां का इलाज चल रहा है।





मृत बालक।

